हिन्दुस्तान
गुरुवार, 29 सितंबर 2022
02
www.livehindustan.com

# शहीद भगत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की

फरीदाबाद/बल्लभगढ़। शहीद भगत सिंह की 115वीं जयंती पर जहां एक ओर फरीदाबाद में आजादी के शहजादे संस्था ने शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं दूसरी ओर अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मौजूदगी में शहीद भगत सिंह की जयंती पर तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। फरीदाबाद में सेक्टर 29 कार्यालय में राष्ट्रीय संयोजक व संस्थापक हरीश चन्द्र आजाद की अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई।